# जल के बिना पूर्ण नहीं माना जाता धार्मिक अनुष्ठान

## भारत भवन में आयोजित सदानीरा समागम में मुख्यमंत्री ने कहा

**भोपाल, 1 जून. भारतीय संस्कृति में जल का विशेष महत्व है. जल के बिना कोई भी धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण नहीं माना जाता. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को यह बात भारत भवन में आयोजित सदानीरा समागम में कही.**




मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रहीम के प्रसिद्ध दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि पानी केवल जीवन का आधार नहीं बल्कि संस्कृति और सभ्यता का भी मूल तत्व है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग दो लाख जल संरचनाओं पर कार्य किया जा चुका है, जबकि बड़ी संख्या में अन्य परियोजनाओं पर काम जारी है. राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है और लाखों जल मित्रों को इस अभियान से जोड़ा गया है.

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अनेक महत्वपूर्ण नदियों का उद्गम स्थल है और राज्य की नदियां प्राकृतिक रूप से जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. मुख्यमंत्री ने जल संकट, जलवायु परिवर्तन और बदलते मौसम चक्र की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए जल संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये योजनाएं भविष्य में जल प्रबंधन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण साबित होंगी. मुख्यमंत्री ने सदानीरा समागम के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया.

इस अवसर पर वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. कार्यक्रम में जगन्नाथ सामी उच्चायुक्त फिजी गणराज्य, इवागोरास वराईओ नाइडेस उच्चायुक्त सायप्रस, वनेसा एडरियाने, कल्चर हेड मैक्सीको दूतावास के साथ नरेंद्र शिवाजी पटेल राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, भूजल बोर्ड भारत सरकार से अशोक विश्वाल उपस्थित थे.

**भूजल एटलस का अनावरण**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, वीर भारत न्यास और इसरो के सहयोग से तैयार किए गए भूजल एटलस अन्तर्जली यात्रा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर का भी अनावरण किया गया. यह दस्तावेज प्रदेश के विभिन्न जिलों में भूजल संरक्षण और प्रबंधन से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराएगा.

# भोपाल के तैराकों ने जीते 8 स्वर्ण पदक

▶ रीवा में 54वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 1 जून. 54 वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल के तैराकों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है. प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को भोपाल जिले के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की. रीवा के स्विमिंग पूल में दिनभर चले मुकाबलों में भोपाल के खिलाड़ी हर वर्ग में छाए रहे.**



कृतिका श्रीवास्तव ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-बी की 200 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते. इसके अलावा सीनियर वर्ग की दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक अपने नाम किए. अर्थ जैन ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए ग्रुप-बी और सीनियर वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक हासिल किए. सीनियर महिला वर्ग में इशिता परिहार ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक जीता. अन्वी खंडूरी ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण जबकि वाणी जैन ने इसी स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया.

अरनब चौधरी ने सीनियर वर्ग की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता. रिले स्पर्धाओं में भी भोपाल का दबदबा रहा. लड़कियों के ग्रुप-बी और सीनियर 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में स्वर्ण पदक मिले, जबकि बालक ग्रुप-बी टीम ने कांस्य पदक हासिल किया. तीन दिन की प्रतियोगिता के बाद भोपाल के खाते में अब कुल 17 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य पदक दर्ज हो चुके हैं.

## किंडर्स जॉय प्ले स्कूल में कैंप का समापन

**भोपाल.** किंडर्स जॉय प्ले स्कूल में 4 मई से आयोजित 'फोकस एंड पर्सनैलिटी कैंप' का समापन हुआ. कैंप का संचालन राजश्री शर्मा द्वारा किया गया. एक माह तक चले इस कैंप में बच्चों ने योग, ब्रेन जिम, ध्यान, नृत्य, पब्लिक स्पीकिंग एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया. इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल का विकास हुआ.

## सिद्ध चक्र विधान में भगवान को 32 अर्घ्य अर्पित

**भोपाल.** चौक धर्मशाला में चल रहे सिद्ध चक्र विधान में मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने मंडल पर 32 अर्घ्य अर्पित किए.विधान का समापन 7 जून को होगा.



# नंदकिशोर और सुरेश के गोल से ईगल विजयी

टीटी नगर स्टेडियम समर कैंप

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 1 जून. टीटी नगर स्टेडियम में चल रही खेलो भोपाल समर कैंप बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-20 वर्ग के मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे. खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ मैदान पर अपना दम दिखाया और दर्शकों को कई शानदार पल देखने को मिले.**

दिन के पहले मुकाबले में ईगल फुटबॉल क्लब ने नाइटमेयर क्लब को 2-1 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन ईगल क्लब के खिलाड़ियों ने मिले मौकों का बेहतर फायदा उठाया. टीम की ओर से नंदकिशोर और सुरेश मिश्रा ने एक-एक गोल दागकर जीत की नींव रखी. नाइटमेयर क्लब ने भी वापसी की कोशिश की और जुनैद ने एक गोल कर मुकाबले को रोचक बनाया, लेकिन टीम हार नहीं टाल सकी.

## एक नजर में



### पर्वतारोही अंजना यादव का एयरपोर्ट पर स्वागत

**भोपाल, 1 जून.** विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848 .86 मीटर) को फतह कर चुकी अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव सोमवार शाम भोपाल लौटीं. इस विशिष्ट उपलब्धि को खास सेलिब्रेट करने लायंस ऑफ भोपाल की टीम एयरपोर्ट पहुंचीं और अंजना यादव का जोरदार स्वागत किया. खास बात यह कि इस दौरान क्लब के सदस्यों ने अंजना के अनुभवों को जाना और उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी. इस अवसर पर लायंस ऑफ भोपाल के को-आर्डिनेटर और अंजना के मेंटर हरिओम जटिया, लायन टीएस बाबल, लायन मुनेंद्र वैद्य, लायन अनिल शिवहरे और छवि तिवारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए.

### प्रोडक्शन ओरिएंटेड रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल, 1 जून.** संस्था रंग विदूषक द्वारा आयोजित प्रोडक्शन ओरिएंटेड रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ. यह कार्यशाला में एक माह तक रंगकला के विविध आयामों का गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रतिभागियों को दिया जाएगा. कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ नाटककार एवं प्रख्यात साहित्यकार राजेश जोशी, रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप की सचिव निरूपा जोशी, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ रंगकर्मी उदय शहाणे, कन्हैयालाल कैथवास, विनोद राय तथा रंग विदूषक की सचिव डॉ. अंजना पुरी की उपस्थिति में हुआ.



### प्रसून सारंग टूर्नामेंट में शतकों की बारिश

**भोपाल(खेल प्रतिनिधि).** प्रसून सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला. दिन के सबसे बड़े मुकाबले में विश्वास सारंग क्रिकेट एकेडमी ने होप्स क्रिकेट एकेडमी को 169 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की. हर्षित मालवीय और अभिषेक यादव के शतकों ने मैच को एकतरफा बना दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए विश्वास सारंग एकेडमी ने 35 ओवर में 2 विकेट पर 300 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. विनम्र समुद्रे ने 53 रन की तेज पारी खेली, जबकि हर्षित मालवीय ने 102 और अभिषेक यादव ने नाबाद 101 रन बनाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया.



### भविष्य के शतक से सेंट माइकल की शानदार जीत

**भोपाल(खेल प्रतिनिधि).** एचएमजी कप अंडर-15 इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट माइकल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए उड़ान क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हरा दिया. डीपीएस खेल मैदान पर खेले गए मुकाबले में दर्शकों को रोमांचक बल्लेबाजी देखने को मिली, जहां भविष्य त्यागी ने नाबाद शतक लगाकर टीम को यादगार जीत दिलाई. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी की टीम 48 ओवर में 277 रन बनाकर आउट हो गई. टीम के लिए युग सिंह ने 64 रन, साईं नमन ने 46 रन और अंश वर्मा ने 30 रन का योगदान दिया. सेंट माइकल की ओर से मानवेन्द्र सिंह और अदीब अली ने 3-3 विकेट लेकर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया. 278 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट माइकल की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया.

# नेहरू नगर में विधायक ट्रॉफी का शुभारंभ

▶ हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं : सबनानी

**भोपाल, 1 जून. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित पुलिस ग्राउंड में सोमवार को विधायक ट्रॉफी का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती मौजूद रहे.**



विधायक सबनानी ने कहा कि खेल जीवन का एक जरूरी हिस्सा है, खिलाड़ियों का अनुशासन उनका परिचय देता है, अनुशासित खिलाड़ी ही सफलता प्राप्त करते हैं, हमारे दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, हमारा क्षेत्र शहर का हृदय स्थल है यहां पर हर वर्ग की प्रतिभाएं निवास करती हैं. उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि हमारे क्षेत्र की प्रत्येक प्रतिभाओं को सम्मान मिले और वह अपनी प्रतिभा से प्रदेश और देश का नाम रोशन करें. यह टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में 1 से 9 जून तक आयोजित किया जा रहा है. टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं, नॉकआउट मैचों के साथ 9 जून को फाइनल खेला जाएगा. शुभारंभ अवसर पर डॉक्टर वर्सेस पत्रकारों का मैच हुआ. प्रतिदिन 3 से 4 मैच 8 ओवरों के खेले जाएंगे.




## गायक- गायिकाओं ने बांधा समां


**भोपाल 1 जून. संगीत समूह सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप ने महाराणा प्रताप नगर के एक होटल में गीतों की संध्या सजाई. रविवार शाम को शुरू हुआ सिलसिला देर रात चला.**

कार्यक्रम में प्रख्यात गायिका स्व. आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई. संगीत समूह की संस्थापक सदस्य और संरक्षक किरण श्रीवास्तव दीदी के निधन पर भी दो मिनट का मौन धारण कर उनके योगदान का स्मरण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. किरण दीदी कोरोना के दौर में संगीत समूहों का मार्गदर्शन करती थीं. कार्यक्रम में गायिका और कवयित्री स्मिता सेन के काव्य संग्रह मेरे अंतर्मन से की प्रति अतिथियों को सौंपी गई.

# एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन अनुकूल वातावरण का परिणाम

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें खेल प्रतिभाओं को दे रहीं नई उड़ान

**भोपाल, 01 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा 10 स्वर्ण पदकों सहित कुल 19 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं.**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह, समर्पण और अनुकूल वातावरण का परिणाम है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं. भाजपा सरकारें खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान दे रही हैं. 'खेलो इंडिया', 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिखाई दे रहे हैं.

**▶ भाजपा सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दे रही**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. प्रदेश में खेल अधोसंरचना का विस्तार, खेल अकादमियों का सुदृढ़ीकरण, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं सम्मान तथा ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि देश और प्रदेश की प्रत्येक खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराए जाएं। आज भारत खेलों के क्षेत्र में विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और आने वाले वर्षों में खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है.

# मानव संग्रहालय में 'कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला' का उद्घाटन

**भोपाल, 1 जून. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सोमवार को 15 दिवसीय प्रोडक्शन-ओरिएंटेड ग्रीष्मकालीन कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कुचिपुड़ी नृत्यांगना गुरु वनश्री राव तथा उनके शिष्य एवं सहायक वाशिम राजा विशेष रूप से उपस्थित रहे.**



कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को कुचिपुड़ी की नृत्य में प्रशिक्षण प्रदान करना है, साथ ही प्रोडक्शन-आधारित शिक्षण एवं मंचीय प्रस्तुति की व्यावहारिक समझ विकसित करना भी है. उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. पी. शंकर राव, सहायक क्यूरेटर ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ सुकन्या गुहा नियोगी, संग्रहालय सहायक द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ. इसके पश्चात डॉ. सुदीपा राय, सहायक कीपर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया.

गौमाता अभियान | हस्ताक्षर अभियान में जुड़ रहे हैं लोग

# भोपाल में पांच लाख गौभक्तों का समर्थन जुटाएंगे

**भोपाल , 1 जून. गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहा 'गो सम्मान आह्वान अभियान' राजधानी सहित पूरे मध्यप्रदेश में तेजी से जनसमर्थन जुटा रहा है. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक गोभक्त, गौप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और सनातन समाज से जुड़े लोग बड़ी संख्या में अभियान से जुड़ रहे हैं. अभियान के पहले चरण में देशभर में करोड़ों लोगों ने भागीदारी की है, वहीं अब 27 जुलाई को दूसरे चरण को लेकर भोपाल में गतिविधियां तेज हो गई हैं.**




अभियान के तहत भोपाल के विभिन्न इलाकों, कॉलोनियों, गांवों और धार्मिक स्थलों पर लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है. गौमाता की सेवा और संरक्षण से जुड़े संदेश लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं. हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. भोपाल में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है. कई स्थानों पर बैठकों और जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.

यह अभियान दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है. दूसरे चरण में देशभर से लगभग 40 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है.इसी लक्ष्य को लेकर भोपाल जिले में भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है.इस चरण में भोपाल जिले ने 5 लाख हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य तय किया है. इस चरण में 27 जुलाई को कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे.संभावना जताई जा रही है कि इस दिन हजारों गौप्रेमी कलेक्ट्रेट जाकर प्रार्थना पत्र सौंपेंगे.

अभियान के प्रदेश प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गौमाता का विषय केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है. भोपाल संभाग प्रभारी कवेंद्र शर्मा का कहना है कि आने वाले दिनों में भोपाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें, गोष्ठियां और जनसंपर्क कार्यक्रम और तेज किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग 27 जुलाई के कार्यक्रम से जुड़ सकें.

**सरकार से मांग**

सम्पूर्ण भारत में गौहत्या पर पूर्णतः प्रतिबंधित लगे. गोमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्या, का सवेधानिक पद प्रदान कर राष्ट्रीय सम्मान दिया जाये. गो सेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू हो और केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बने.

## स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल.** साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान 'स्वयं प्रकाश न्यास' ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं. न्यास द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान में कथेतर विधाओं में से किसी विधा की ऐसी कृति को दिया जाएगा, जो सम्मान के वर्ष से अधिकतम छह वर्ष पूर्व प्रकाशित हुई हो. 2026 के सम्मान के लिए 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2025 के मध्य प्रकाशित कथेतर विधाओं (जीवनी, आत्मकथा, स्मृति आख्यान, रेखाचित्र, संस्मरण, पत्र, डायरी, यात्रा आख्यान और रिपोर्ताज) की कृतियों पर विचार किया जाएगा. कृतिकार की आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई है.



# आत्म मंथन : जोन स्तरीय निरंकारी संत समागम संपन्न

**भोपाल, 01 जून. सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए में जोन स्तरीय निरंकारी संत समागम कानपुर से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा बृजेश वर्मा की हुजूरी में रविवार को राजगढ़ जिले के गनियारी में संपन्न हुआ.**

भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान प्रचारक महात्मा ने कहा कि भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं, बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है. सच्ची भक्ति तब है जब हम आत्म मंथन द्वारा दूसरों से पहले स्वयं को जांचें, अपनी कमियों को सुधारें और हर पल जागरूक जीवन जिएँ. अज्ञानता में हुई गलती सुधर सकती है, पर जानबूझकर चोट पहुँचाना, बहाने या चालाक शब्द भक्ति नहीं हैं, क्योंकि भक्त का स्वभाव मरहम का होता है. हर एक में निराकार देखकर सरल, निष्कपट व्यवहार करना और ब्रह्मज्ञान के बाद सेवा, सुमिरन व सत्संग से इस एहसास को बनाए रखना ही भक्ति है.

गौरतलब है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचों में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं. समागम के दौरान क्षेत्रीय संचालक अखिलेश यादव सहित सभी अधिकारीगण, बड़ी संख्या में साध संगत उपस्थित थे. ब्रांच मुखी महात्मा चैनसिंह गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त किया.